सत्यमेव जयते

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट डीग(राज0)

कैम्प कोर्ट राष्ट्रीय लोक अदालत कोर्ट परिसर डीग

प्र0सं0 09/2024 (जी.सी.एम.एस.नम्बरः 2024/175) पीठासीन अधिकारीः–श्री देवी सिंह (R.A.S)

उनवान

बतखदेवी पत्नी श्री भान सिंह जाति गुर्जर निवासी ग्राम परमदरा तहसील व जिला डीग(राज0)

–प्रार्थिया

बनाम

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार तहसील डीग जिला डीग (राज0)

–अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट,

निर्णय दिनांकः 08.03.2025

प्रार्थिया द्वारा प्रार्थना पत्र **अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट,** इस आशय का पेश किया गया है कि खाता संख्या 215 के आराजी खसरा नम्बरान 1489/0.26, 1490/0.37, 1493/0.24, कुल रकबा 0.87 का हिस्सा 1/5 व खाता संख्या 214 के खसरा नम्बरान 1507/0.23, 1509/0.58, 1510/0.09, कुल रकबा 0.90 का हिस्सा 1/2 वाके ग्राम गुहाना तहसील डीग में स्थित है। जोकि प्रार्थिया की कब्जे काश्त खातेदारी की आराजी है। उक्त आराजी मुत0 पूर्व में प्रार्थिया के पति श्री भान सिंह के नाम थी और प्रार्थिया के पति श्री भान सिंह ने उक्त आराजी मुत0 को हि0 मुताविक जमाबन्दी प्रार्थिया के नाम प्रेम स्नेह से जरिये रजिस्टर्ड बयनामा ट्रांसफर करवा दी थी और वक्त बयनामा प्रार्थिया की बल्दियत व पता उस समय आधार कार्ड में पीहर पक्ष ग्राम पाई तहसील कांमा अंकित था इसी आधार पर जमाबन्दी खाता संख्या 215 व 214 वाके ग्राम गुहाना तहसील डीग में प्रार्थिया का नाम बतखदेवी पुत्री विज्जीराम जाति गुर्जर निवासी पाई तहसील कांमा दर्ज किया हुआ है। जबकि प्रार्थिया का वर्तमान में सही नाम पता बतखदेवी पत्नी श्री भान सिंह जाति गुर्जर निवासी ग्रा परमदरा तहसील डीग है। प्रार्थिया के आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, परिवार राशन कार्ड में बतखदेवी पत्नी श्री भान सिंह जाति गुर्जर निवासी ग्राम परमदरा तहसील डीग अंकित है। परन्तु राजस्व रिकार्ड में खाता संख्या 215 व 214 वाके ग्राम गुहाना तहसील डीग में प्रार्थिया का नाम सहवन से बतखदेवी पुत्री विज्जीराम जाति गुर्जर निवासी ग्राम पाई तहसील कांमा गलत अंकित किया जा रहा है। जबकि प्रार्थिया के समस्त दस्तावेजात में बतखदेवी पत्नी श्री भान सिंह जाति गुर्जर निवासी ग्राम परमदरा तहसील डीग अंकित है जोकि सही है। अतः निवेदन है कि खाता संख्या 215 के आराजी खसरा नम्बरान 1489/0.26, 1490/0.37, 1493/0.24, कुल रकबा 0.87 का हिस्सा 1/5 व खाता संख्या 214 के खसरा नम्बरान 1507/0.23, 1509/0.58, 1510/0.09, कुल रकबा 0.90 का हिस्सा 1/2 वाके ग्राम गुहाना तहसील डीग में स्थित निवासी ग्राम पाई तहसील कांमा के स्थान पर बतखदेवी पत्नी श्री भान सिंह जाति गुर्जर निवासी ग्राम परमदरा तहसील डीग दुरूस्त किये जाने के आदेश फरमायें।

उपखण्ड अधिकारी
डीग (डीग) राज.

प्रार्थना पत्र प्रार्थी **अन्तर्गत धारा 136** एल.आर.एक्ट, को दर्ज रजिस्टर किया जाकर सम्बन्धित अप्रार्थी/तहसीलदार डीग को जरिये नोटिस तलब कर रिपोर्ट प्राप्त की गई। तहसीलदार डीग ने पत्रांकः एलआर/2024/2382 दिनांक 16.10.2024 में अंकित किया गया है कि "बतखदेवी के पति का नाम श्रीभान जाति गुर्जर निवासी परमदरा है,इनके दस्तावेजात में आधारकार्ड,जनआधार कार्ड,राशनकार्ड,पहचान पत्र में भी बतखदेवी पत्नी श्रीभान जाति गुर्जर निवासी परमदरा दर्ज है।"

वकील प्रार्थी की बहस सुनी गई। बहस के दौरान वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट में वर्णित तथ्यों को दौहराते हुए कहा कि खाता संख्या 215 के आराजी खसरा नम्बरान 1489/0.26, 1490/0.37, 1493/0.24, कुल रकबा 0.87 का हिस्सा 1/5 व खाता संख्या 214 के खसरा नम्बरान 1507/0.23, 1509/0.58, 1510/0.09, कुल रकबा 0.90 का हिस्सा 1/2 वाके ग्राम गुहाना तहसील डीग में स्थित निवासी ग्राम पाई तहसील कांमा के स्थान पर बतखदेवी पत्नी श्री भान सिंह जाति गुर्जर निवासी ग्राम परमदरा तहसील डीग दुरूस्त किये जाने के आदेश फरमायें।

वकील प्रार्थी व पैरोकार सरकार की बहस सुनी जाकर पत्रावली का अवलोकन किया गया। खाता संख्या 215 के आराजी खसरा नम्बरान 1489/0.26, 1490/0.37, 1493/0.24, कुल रकबा 0.87 का हिस्सा 1/5 व खाता संख्या 214 के खसरा नम्बरान 1507/0.23, 1509/0.58, 1510/0.09, कुल रकबा 0.90 का हिस्सा 1/2 वाके ग्राम गुहाना तहसील डीग में स्थित निवासी ग्राम पाई तहसील कांमा के स्थान पर बतखदेवी पत्नी श्री भान सिंह जाति गुर्जर निवासी ग्राम परमदरा तहसील डीग दुरूस्त किये जाने के आदेश फरमायें। ऐसी स्थिति में हम प्रार्थिया के प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट को स्वीकार किया जाना उचित समझते है।

अतः आदेश है कि:-

प्रार्थिया द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट, स्वीकार किया जाता है। खाता संख्या 215 के आराजी खसरा नम्बरान 1489/0.26, 1490/0.37, 1493/0.24, कुल रकबा 0.87 का हिस्सा 1/5 व खाता संख्या 214 के खसरा नम्बरान 1507/0.23, 1509/0.58, 1510/0.09, कुल रकबा 0.90 का हिस्सा 1/2 वाके ग्राम गुहाना तहसील डीग में स्थित निवासी ग्राम पाई तहसील कांमा के स्थान पर बतखदेवी पत्नी श्री भान सिंह जाति गुर्जर निवासी ग्राम परमदरा तहसील डीग दुरूस्त किये जाने के आदेश प्रदान किये जाते है।

राजस्व रिकार्ड में नियमानुसार अमल दरामद हेतु निर्णय प्रति तहसीलदार डीग को भिजवाई जावे।

(देवी सिंह)
उपखण्ड अधिकारी,
डीग
उपखण्ड अधिकारी
डीग (डीग) राज.

निर्णय आज दिनांक 08.03.2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत कैम्प डीग में लिखाया जाकर सुनाया गया।

(देवी सिंह)
उपखण्ड अधिकारी,
डीग
उपखण्ड अधिकारी
डीग (डीग) राज.